# बिहार विधान परिषद

**(202वां शीतकालीन सत्र)**

# 16 दिसंबर 2022

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन** ].

**कुल प्रश्न** 33

----

## योजना का लाभ

***96 श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जिला के विभिन्न प्रखंडों में सामान्य वर्ग के स्थान पर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के स्थान पर सामान्य वर्ग के लाभार्थी की सूची बनाकर योजना का लाभ दिया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त योजना में आवास सहायक एवं पर्यवेक्षक के भैतिक सत्यापन के दौरान कुछ योग्य लाभार्थियों को विलुप्त कर दिया गया है और कुछ को व्यवस्था प्रणाली (system) के द्वारा स्वतः अस्वीकृत कर दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार औरंगाबाद जिला के विभिन्न प्रखंडों में व्यवस्था प्रणाली (system) में सुधार कर सही-सही सूची बनाकर योग्य लाभार्थियों को योजना का लाभ देने का विचार रखती है?

----

## सड़क की मरम्मती

*95 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत तरारी प्रखंड में पीरो बिहटा P.W.D. पथ से बेरई ग्राम तक (2.5 किमी.) ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पीरो की सड़क अत्यंत जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ की मरम्मती नहीं होने के चलते आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युकत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क की मरम्मती शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक और नहीं तो क्यों?

----

## न्यायमित्रों की समस्याओं का निराकरण कब तक

*91 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार पंचायत अधिनियम, 2006 की धारा 94 (2) के प्रावधान के तहत ग्राम कचहरी न्यायमित्र का नियोजन 2007 ई० में मानदेय के आधार पर नियमावली योग्यता एल०एल०बी० के तहत किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक – 3/एम० 78/2005 सा०प्र० 003, दिनांक – 22.01.2021 के आलोक में बिहार ग्राम कचहरी में कार्यरत न्यायमित्रों के मानदेय, प्रारंभिक स्तर पर वेतन, महंगाई भत्ता, वेतन निर्धारण, आ० अवकाश, अर्जित अवकाश मातृत्व एवं पितृत्व अवकाश, कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ शिक्षा विभाग द्वारा अबतक नहीं दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसाओं के आलोक में संकल्प बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापांक – 1003, दिनांक – 22.01.2021 में संविदा पर नियोजित कर्मियों को खंड 'ख' में वर्णित विषयों के यथाशीघ्र निष्पादन की बात कही गयी है जो विभागीय स्तर पर अबतक लंबित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलंब इन समस्याओं का निराकरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सडक का पक्कीकरण

*92 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि खगड़िया जिला मुख्यालय अवस्थित शहर सुरक्षा बांध की बाय-पास सड़क के पक्कीकरण हेतु जल संसाधन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिल चुका है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोकहित में शहरी जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु सुरक्षा सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## यूरिया की कालाबाजारी

*93 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के पूर्वी चंपारण, मोतिहारी जिले में मांग से कम यूरिया की आपूर्ति दिखाई जा रही है, जबकि किसानों के लिए सरकार द्वारा आपूर्ति की गयी यूरिया की कालाबाजारी की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि रबी फसल के समय का बचा स्टॉक लगभग 10 हजार मीट्रिक टन यूरिया होने के बाद भी आवश्यकतानुसार 51 हजार मीट्रिक टन किसानों को आपूर्ति नहीं की जा रही है, मात्र 41615 मीट्रिक टन यूरिया की ही आपूर्ति की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि यूरिया की कालाबाजारी में संलग्न कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं दलालों की सांठगांठ के कारण मोतिहारी के किसान त्राहि-त्राहि कर रहे हैं और कुछ दुकानदार और जालसाज यूरिया की किल्लत दिखाकर 266 रुपए 50 पैसे की यूरिया 600 रुपए में बेच रहे हैं;

(घ) क्या यह सही है कि मौसम की मार झेल रहे किसानों की सहायता के लिए बनाई गई निगरानी की व्यवस्था भी ध्वस्तप्राय है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोतिहारी जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उचित कीमत पर यूरिया उपलब्ध कराने तथा यूरिया की कालाबाजारी में संलग्न विभागीय पदाधिकारियों एवं जालसाजों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ की मरम्मती

*94 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले के पिपराही प्रखंड के नारायणपुर-भगवानपुर पथ जो सीतामढ़ी शहर को जोड़ती है की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती एवं कालीकरण कराकर आवागमन सुचारू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का पुनः निर्माण

*102 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखंड के पंचायत अजवां ग्राम रौनियां में रौनियां टोला से रौनियां बांध तक सड़क की स्थिति जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि 15 अगस्त 2015 के अवसर पर रौनियां मुसहरी टोला में झण्डोतोलन कार्यक्रम में आगमन पर वर्णित सड़क का मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा पक्कीकरण किया गया था;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित पथ का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## भुगतान कबतक

***103 श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज में विगत 2016 से 2021 सत्र के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों का उनकी सत्र समाप्ति के बाद भी उनका मानदेय भुगतान लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज में वर्तमान 2022 से 2027 सत्र के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों का मानदेय भुगतान अब तक नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंड 'क' एवं 'ख' के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इनका भुगतान अबतक क्यों नहीं हुआ है और इससे सम्बंधित आ रही कठिनाइयों को दूर कर भुगतान कबतक किया जा सकेगा;

(घ) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला के कई वार्ड में पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित नल जल योजना के संचालन का प्रभार अबतक नव गठित वार्ड क्रियान्वयन समिति को नहीं दिया गया है जबकि वार्ड सदस्यों का निर्वाचन हुए एक वर्ष हो गया है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंड 'ख' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार संचालन प्रभार को पूर्व की वार्ड क्रियान्वयन समिति से नव गठित क्रियान्वयन समिति का शतप्रतिशत हस्तांतरण की कोई समय सीमा बता सकती है, यदि हां तो कबतक?

----

## राशि का क्रियान्वयन

***97 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत राज्य में, पंचायतों में जो भी विकास के लिए राशि आवंटित होती है उसे पंचायत के मुखिया द्वारा अपने मनपसंद वार्डों में ही दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि इस कारण कई वार्ड विकास से वंचित रह जाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोई ऐसी व्यवस्था बनाना चाहती है कि पंचायतों के विकास के लिए आवंटित राशि पंचायत के सभी वार्डों में स्वतः बराबर-बराबर पहुंच जाए और वार्ड सदस्य की अनुशंसा पर उस राशि का क्रियान्वयन किया जाए, यदि हां तो कबतक और नहीं तो क्यों?

----

## एक ब्राण्ड विकसित कबतक

***98** **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सरकार ने राज्य के ग्रामीण गरीबों को आजीविका उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जीविका मिशन की स्थापना की है जो महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों, ग्राम एवं संकुल स्तरीय संघों के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर सराहनीय कार्य कर रही है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के लगभग 10 लाख स्वयं सहायता समूहों को अबतक हजारों करोड़ रुपए ऋण दिए गए हैं जिसके माध्यम से जीविका दीदी द्वारा कौशल प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण के उपरांत विभिन्न उपयोगी सामग्रियों का उत्पादन किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि जीविका दीदी द्वारा उत्पादित सामग्रियों का कोई साझा ब्रांड चिन्ह या ट्रेड मार्क नहीं होने के चलते इनके विपणन में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित समस्त सामग्रियों को एक ब्राण्ड के रूप में विकसित किए जाने के संबंध में कोई विचार रखती है?

----

## आवास की मरम्मती

***99** **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **भवन निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में दानापुर भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के अन्तर्गत शास्त्री नगर स्थित 349-354/800 ब्लॉक के 350, 351, 354 के लिए निविदा निकाली गई, उक्त ब्लॉक में कुल तीन 351, 352 एवं 354 में आवंटी रहते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान में 350/800 में कोई भी आवासी नहीं है और न ही उक्त आवास आवंटित हुआ है, बावजूद इसके उस आवास की निविदा प्रकाशित की गयी जबकि 352/800 में पिछले तीन वित्तीय वर्षों से कोई कार्य नहीं कराया गया है, आवासी ने

अपने पैसों से रंग रोगन एवं मरम्मती का कार्य सम्पन्न कराया है;

(ग) क्या यह सही है कि दानापुर भवन प्रमंडल के आवासों की निविदा हेतु सिफारिश की आवश्यकता होती है क्योंकि किसी-किसी आवास का कार्य प्रत्येक वर्ष कराया जाता है और किसी-किसी आवास का कार्य उचित सिफारिश के अभाव में वर्षों से लंबित रहता है

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस तरह के पक्षपात को रोकने के लिए कोई मापदण्ड निर्धारित करना चाहती है और साथ ही आवास सं. 352/800 में कबतक कार्य कराना चाहती है?

----

## अतिक्रमण से मुक्त

*100 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर शहर की रामदयालु रेलवे गुमटी से पटना जाने वाली लगभग एक किलोमीटर तक मुख्य सड़क पर दोनों ओर प्रतिदिन सुबह शाम बालू से भरे ट्रक एवं ट्रेक्टर लगाकर सड़क का अतिक्रमण करने वहां प्रायः जाम की स्थिति बनी रहती है और आम लोगों को काफी परेशानी होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सार्वजनिक हित में सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराकर जाम से निजात दिलाना चाहती है?

----

## आवास का निर्माण

*101 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **भवन निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत दिनारा प्रखंड भवन और स्टाफ आवास क्षतिग्रस्त होने के कारण वहां कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि भवन क्षतिग्रस्त होने के कारण कभी भी कर्मियों के साथ अप्रिय घटना घटित हो सकती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दिनारा प्रखंड भवन एवं स्टाफ आवास का नव-निर्माण यथाशीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सहायता राशि पर विचार

*104 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि को यथा मुखिया- 2500/-, वार्ड सदस्य– 500/-, पंचायत समिति सदस्य 1000/- मानदेय के रूप में मिलता है;

(ख) क्या यह सही है कि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को आकस्मिक मृत्यु के पश्चात् उन्हें कोई सहायता राशि नहीं दी जा सकती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि यथा मुखिया- 10000/-, वार्ड सदस्य- 5000/-, पंचायत समिति सदस्य- 7000/- रु. तथा त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के आकस्मिक निधन पर उनके आश्रितों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मजदूरी एवं मैटिरियल का भुगतान

*105 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र सं.- 10, गोपालगंज के अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों में मनरेगा के तहत संपन्न कराए गए कार्यों की मजदूरी व मैटिरियल का भुगतान वर्षों से लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार एक निश्चित समय सीमा के अन्तर्गत मजदूरी व मैटिरियल का भुगतान कराना चाहेगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मजदूरी एवं मैटिरियल का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## शेष राशि का भुगतान

*107 **श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2014 में वैशाली जिलान्तर्गत भगवानपुर प्रखंड की ग्राम पंचायत प्रतापटाण्ड पूर्वी में हुए अग्निकांड के कारण कुछ परिवार प्रभावित हुए थे;

(ख) क्या यह सही है कि अग्निपीडि़त परिवारों को घर बनाने के लिए इंदिरा आवास योजना के तहत राशि उपलब्ध कराई गई थी;

(ग) क्या यह सही है कि अग्निपीडि़त परिवारों को अभी तक प्रथम किश्त की ही राशि मिली है और घर अर्द्धनिर्मित पड़ा हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अग्निपीडि़त परिवारों को इंदिरा आवास निर्माण हेतु द्वितीय किश्त की राशि शीघ्र देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सडक का निर्माण

***106 श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत प्रखंड बिहार शरीफ की पंचायत हरगावां के अन्तर्गत शिवकुमार सिंह के चिमनी से लेकर पैन के पश्चिम सुधीर सिंह के नलकूप से होते हुए नवाजी बिगहा नदी तक (ल. 900 मी.) योजना संख्या- L037-L040 वर्ष 2016-17 में स्वीकृत है, परन्तु अभी तक इस सड़क का कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड ‘क’ में वर्णित सड़क का कार्य सरकार कबतक कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का निर्माण

***109 श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि आजादी के बाद से अब तक सासाराम विधानसभा के अंतर्गत अमरा तालाब का बभनपुर पथ अभी तक क्षतिग्रस्त है;

(ख) क्या यह सही है कि सासाराम प्रखंड में स्थित इस क्षेत्र के लोगों को बहुत

कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क यथाशीघ्र बनाना चाहती है,यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*108 **श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण)ः**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया बाजार के पास राष्ट्रीय उच्च पथ हमेशा जाम रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि एन.एच. जाम होने की स्थिति में वाहन बगल की नहर वाली कच्ची सड़क से होकर गुजरते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तरैया बाजार को जाम से मुक्ति दिलाने हेतु बाइपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*110 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा)ः**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नारदीगंज प्रखंड अन्तर्गत 10+2 गायत्री युगल इंटर विद्यालय, डोहड़ा में अवस्थित है, जिसके पोषक क्षेत्र नदी के उस पार से करीब 10 गांव के बच्चे पढ़ने आते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पंचाने नदी में पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में नदी पार कर बच्चे स्कूल नहीं आ पाते हैं, जिससे पढ़ाई बाधित होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करने का विचार

***111 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल बेनीपट्टी के अंतर्गत GTNSY सड़क पाना REO पथ नागदह (बलाइन) बरकी पोखरा हाउस ऑफ अनुल मियां के मध्य महादलित टोला के पास वर्ष 2020 में पानी का अत्यधिक बहाव एवं ट्रैक्टर का आवागमन के कारण पुलिया ध्वस्त हो गया है जिससे यातायात बाधित है;

(ख) क्या यह सही है कि पुलिया निर्माण हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन प्रशासनिक स्वीकृति BRRDA (मद) GTNSY- 133/22 1083 पटना, दिनांक- 28.04.2022 के आलोक में संवेदक द्वारा सड़क का अनुरक्षण एवं कार्य में अभिरूचि नहीं लिए जाने के कारण संवेदक का कार्य प्रमंडल द्वारा एकरारनामा को विखंडित कर दिया गया;

(ग) क्या यह सही है कि अधीक्षण अभियंता, अंचल दरभंगा के पत्रांक 1521, दिनांक- 26.08.2022 द्वारा RCC स्लैव कल्वर्ट प्राक्कलन को तकनीकी अनुमोदन के नोडल पदाधिकारी FDR- 3054/MR3054 ग्रामीण कार्य विभाग बिहार, पटना को अग्रेतर कार्रवाई हेतु समर्पित किया गया;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नागदह बलाइन महादलित टोला के पास पुलिया निर्माण हेतु अनावश्यक स्वीकृति विलंब करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मानदेय का भुगतान

***112 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मिट्टी जांच प्रयोगशाला में मानव बल वर्ष 2015 से मृदा विश्लेषण कार्य को सहयोगरत है;

(ख) क्या यह सही है कि दो मानव बल के लिए दस अगस्त 2016 से पूर्व मानदेय / पारिश्रमिक 7500 रु./माह मानव बल एवं सितंबर 2016 से 15000 रु./माह सरकार से निर्धारित है;

(ग) क्या यह सही है कि अप्रैल 2019 से अबतक 60रु./ नमूना के आधार पर प्रति मानव बल का मानदेय रु. 25000/माह संयुक्त निदेशक, रसायन, उपनिदेशक, रसायन, पटना द्वारा लंबित रखा गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि वह मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कालीकरण सड़क का निर्माण

*113 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत किशनपुर रासमोहन चौक से हरदेव टोला तक गंगा नदी बांध पर लगभग 20 हजार की आबादी के आवागमन का एक मुख्य मार्ग है, जिसकी दूरी लगभग 6 किलोमीटर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गंगा बांध पर कालीकरण सड़क निर्माण कराये जाने से इस गांव के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी;

(ग) क्या सरकार उक्त गंगा बांध पर कालीकरण सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मजदूरों को लाभ

*115 **डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी मनरेगा योजना में वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति की भागीदारी नहीं रहने से योजना सही तरीके से धरातल पर नहीं उतर रही है;

(ख) क्या यह सही है कि जिस वार्ड में मनरेगा से कार्य हो रहा है, उस वार्ड के स्थानीय मजदूरों को इसका लाभ एवं मजदूरी करने का मौका नहीं दिया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति की भागीदारी एवं वार्ड के स्थानीय मजदूरों को इसका लाभ देने हेतु विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मानव बल की स्थायी नियुक्ति

***114 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कृषि मिट्टी जांच लैब में वर्षों से वर्ग- 3 के दोनों पद सहायक अनुसंधान पदाधिकारी एवं प्रयोगशाला सहायक के सभी पद रिक्त हैं जबकि मानव बल वर्ष- 2015 से कार्यरत है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सभी प्रशिक्षित एवं अनुभवी मानव बल को उम्र शिथिलता, कार्य अनुभव का वेटेज लाभ देते हुए अर्हतानुसार स्थायी रूप से नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***116 श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत डुमरा प्रखंड के भासर चौक से लक्ष्मी चौक तक जाने वाली सड़क बहुत ही जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क भासर मछहां पंचायत की मुख्य सड़क है जिस पर आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयां होती हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

***117 श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **भवन निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कला भवन, मधेपुरा के परिसर में जिला निबंधन कार्यालय का भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि कला भवन, मधेपुरा परिसर सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र है तथा यह परिसर जिला प्रशासन के द्वारा राजनीतिक दलों के धरना-प्रदर्शन एवं अन्य राजनीतिक/गैर राजनीतिक गतिविधियों के लिए भी चिह्नित है;

(ग) क्या यह सही है कि कला भवन परिसर का उपयोग इसके पास स्थित स्थानीय बी.एन. मंडल स्टेडियम में आयोजित होने वाले सरकारी/गैर सरकारी कार्यक्रमों के सुचारु संचालन के लिए भी होता है;

(घ) क्या यह सही है कि इस परिसर में किया जा रहा निर्माण कार्य किसी भी प्रकार से युक्तिसंगत एवं तर्कसंगत नहीं है, क्या उसे जारी रखना नागरिक सुविधा एवं जनभावना से खिलवाड़ नहीं है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कला भवन, मधेपुरा के परिसर में जिला निबंधन कार्यालय का भवन का निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रोककर इसे किसी अन्य सरकारी स्थल पर कराना चाहेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु

*118 **श्री हरि सहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पशु एवं मत्स्य संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार मत्स्य जलकर प्रबंधन अधिनियम 2006, समय-समय पर यथा संशोधित एक पूर्ण संहित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अधिनियम की धारा-10 के आलोक में स्थानीय मछुआ सदस्यों को बन्दोबस्ती में प्राथमिकता देनी है जिसे सुनिश्चित कराने हेतु उक्त अधिनियम की धारा- 7 (xii) (ड़) के "परन्तुक" के द्वारा जिला मत्स्य पदाधिकारी की जवाबदेही निर्धारित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाना चाहती है कि जिला मत्स्य पदाधिकारी, दरभंगा के द्वारा दरभंगा प्रखण्ड में अवस्थित जलकरों की बन्दोबस्ती अधिनियम की धारा- 7 (xiii) (ड़) सह-पठित धारा- 10 के उल्लंघन में / करने के आलोक में सरकार उक्त पदाधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ की मरम्मती

***119 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के कोंच प्रखंड अन्तर्गत दिग्घी से मंगरौर तक (लगभग डेढ़ किमी.) पथ की स्थिति काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि जर्जर पथ रहने के कारण उक्त पथ पर आवागमन में काफी असुविधा होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र उस पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कार्रवाई पर विचार

***120 श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के फुलवारी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुरथौल में मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 की योजना में भारी अनियमितता हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायत कुरथौल की मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना की गड़बड़ी की जांच पंचायती राज विभाग के SQM टीम द्वारा स्थलीय एवं अभिलेख जांच में गड़बड़ी पाते हुए मई 2022 में प्रतिवेदन समर्पित किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार SQM टीम के जांच प्रतिवेदन के आधार संबंधित मुखिया एवं कर्मी पर कर्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्थानांतरण पर विचार

***121 श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में सभी जिलों में कार्यरत जिला पार्षद के कर्मचारियों का तबादला पिछले 20 वर्षों से नहीं हो पाया है;

(ख) क्या यह सही है कि उनका तबादला नहीं होने के कारण जिला पार्षद के कर्मचारियों की मनमानी काफी बढ़ गई है, जिससे आम लोगों को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्षों से एक ही स्थान पर जमे जिला पार्षद कर्मियों का स्थानांतरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सहयोग समिति का शीघ्र गठन

*122 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पशु एवं मत्स्य संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार शरीफ डेयरी प्रोजेक्ट का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्ष 2014 में किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त उद्घाटन के तुरंत बाद ही काम्फेड द्वारा नालन्दा दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति का गठन किया जाना था, जो अब तक नहीं हो पाया है;

(ग) क्या यह सही है कि पटना डेयरी के विस्तृत कार्य क्षेत्र एवं कार्य चाप को देखते हुए नवादा, नालन्दा एवं शेखपुरा जिला को मिलाकर नालन्दा दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति का गठन सरकार के स्तर पर विगत आठ वर्षों से प्रस्तावित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दुग्ध उत्पादकों के हित में नालन्दा दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति के शीघ्र गठन का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कृषि अभियंताओं को पदस्थापना

*123 **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कृषि विभाग में कुल- 9 कोटियां हैं जो अपने आप में नौ संवर्ग हैं उन नौ संवर्गों में अलग-अलग नियुक्ति एवं प्रोन्नति होती है, जबकि नौ कोटियों में नियुक्ति हेतु अलग-अलग योग्यता निर्धारित है;

(ख) क्या यह सही है कि उन कोटियों में अपनी-अपनी योग्यता के अनुरूप पदाधिकारी नियुक्त हैं;

(ग) क्या यह सही है कि वे सातों कोटियां बिहार कृषि सेवा अधीनस्थ सेवा- 82 के अधीन हैं;

(घ) क्या यह सही है कि कृषि विभाग में कोटि- 2 (कृषि अभियंत्रण) के पदों पर कोटि- 1 (शष्य) एवं कोटि- 5 (पौधा संरक्षण) के शष्य पदाधिकारियों एवं पौधा संरक्षण के पदाधिकारियों का पदस्थापन कर दिया गया है, जो बिहार कृषि सेवा अधिनियम- 82 सुसंगत धारा के विरुद्ध है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार कृषि सेवा कोटि- 2 (कृषि अभियंत्रण) के पदों से गैर अभियंत्रण पदाधिकारी को हटा कर कृषि अभियंताओं को कबतक पदस्थापित करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----